माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1084 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 06/01/2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।

विषय :– प्रवेश शुल्क वापसी के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जैसा कि आप भलीभाँति अवगत हैं कि शैक्षिक सत्र 2021–22 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत आने वाले पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के उत्तीर्ण / प्रोन्नत आदि के सम्बन्ध में समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा पत्र प्रेषित किये जाते रहे हैं।

संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अनर्ह (अनुत्तीर्ण) छात्रों को नियमों के विपरीत तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेश देते हुये प्रवेश शुल्क जमा करा लिये गये हैं, जिस पर कुलपति महोदय द्वारा गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

अतः मा0 माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार समस्त महाविद्यालयों को यह निर्देशित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा अनर्ह (अनुत्तीर्ण) छात्रों को तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेश देते हुए शुल्क जमा करा लिये हैं, वह महाविद्यालय तत्काल छात्रों को प्रवेश शुल्क वापस करना सुनिश्चित करें, तथा कृत कार्यवाही (विवरण सहित) से विश्वविद्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
6.1.24
(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. उपकुलसचिव।
4. प्रभारी परीक्षा विभाग।

परीक्षा नियन्त्रक